पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने ऐशबाग ईदगाह जाकर बकरीद की बधाई दी

लखनऊः 23 अगस्त, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर ऐशबाग ईदगाह जाकर उपस्थित जनसमूह को बधाई दी। इस अवसर पर ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, अन्य धर्मगुरू व बड़ी संख्या में नमाजी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने बकरीद की बधाई देते हुए कहा कि बकरीद का पर्व त्याग और बलिदान का संदेश देता है। मोहम्मद साहब के उपदेशों को प्रासंगिक बताते हुए उन्होंने कहा कि पड़ोसियों का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है। मोहम्मद साहब ने शिक्षा दी थी कि वह मुसलमान नहीं जो खुद पेट भरकर खाये परन्तु पड़ोसी चाहे किसी भी धर्म का हो भूखा सो जाये। राज्यपाल ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

अंजुम/ललित/राजभवन (322/29)